हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 भारती क्रिकेट अकादमी ने गोयल क्रिकेट क्लब को...



12 अब आपके फीडबैक से सफाई व्यवस्था...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना सुबह 10 बजे
- नवनियुक्त निगम कमिश्नर की शहर की व्यवस्थाओं को लेकर सुबह 10 बजे बैठक
- पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल की प्रेसवार्ता दोपहर 01 बजे।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अर्जुन पुत्र रामदीन निवासी अमृता जिला हरदोई के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### महिला लापता होने पर मामला दर्ज

**रोहतक।** कलानौर थाना पुलिस ने गांव सैंपल निवासी जयप्रकाश पुत्र वेद प्रकाश की शिकायत पर उसकी पत्नी के लापता होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी शिकायत में जयप्रकाश ने बताया कि उसकी 36 वर्षीय पत्नी ममता 26 मई को सुबह करीब 11 बजे बिना बताए घर से चली गई। काफी तलाशने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला दर्ज

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने गांव बसंतपुर निवासी जगबीर की शिकायत पर राज रति पत्नी धर्मवीर, ज्योति पत्नी कुलदीप और कुलदीप पुत्र धर्मवीर के खिलाफ मारपीट, रास्ता रोकने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने प्लांट में दीवार निर्माण कार्य करवा रहा था, तभी आरोपियों ने झगड़ा किया। आरोप है कि शिकायत देने जाते समय ब्राह्मणवास बस स्टैंड के पास आरोपियों ने गाड़ी लगाकर रास्ता रोका, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस जांच में जुटी है।

# गांधी कैंप एलिवेटेड ट्रैक के नीचे बनेगी पार्किंग



**400 से अधिक वाहनों की होगी क्षमता**

- **06** किमी सड़क बनने के बाद शुरू होगा योजना पर काम
- गांधी कैंप व आसपास के लोगों को मिलेगी सुविधा
- **14** फुट खाली जगह में ग्रीन बेल्ट और फुटपाथ भी बनेगा

*क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, पैदल चलने के लिए भी मिल सकेगा सुरक्षित स्थान*

*दिनभर लगा रहता है जाम, त्योहारों में और अधिक खराब हो जाते हैं हालात*

विजय अहलावत ▸▸ रोहतक

शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले बाजारों में शामिल गांधी कैंप क्षेत्र की वर्षों पुरानी पार्किंग समस्या का समाधान जल्द हो जाएगा। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के नीचे खाली पड़ी जगह का उपयोग करते हुए यहां बड़ी पार्किंग विकसित करने की योजना तैयार की गई है। जिसके लिए केवल अप्रूवल का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद यहां चार सौ से अधिक वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे बाजार के व्यापारियों, स्थानीय निवासियों और खरीदारी के लिए आने वाले हजारों ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी।

### जल्द पूरा होगा सड़क निर्माण

रेलवे द्वारा बनाए गए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के नीचे करीब छह किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह सड़क लगभग 15 फुट चौड़ी है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद ही पार्किंग योजना पर काम शुरू किया जाएगा। सड़क और रेलवे ट्रैक के बीच करीब 14 फुट चौड़ी खाली जगह छोड़ी जा रही है, जहां फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जाएगी। इससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि लोगों को पैदल चलने के लिए भी सुरक्षित स्थान मिल सकेगा। 6 फुट में फुटपाथ बनेगा जबकि 8 फुट में ग्रीन बेल्ट बनेगी। गांधी कैंप के व्यापारियों की तरफ से भी विगत दिनों पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के समक्ष यह मांगें रखी थी। व्यापारियों का कहना है कि उनकी मांग पूरी होने के बाद पार्किंग बनने पर बाजार में अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने वाले वाहनों पर रोक लगेगी और यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी। वर्तमान में बाजार में आने वाले लोग अपनी गाड़ियां गलियों या मुख्य सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं, जिसके कारण दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। खासकर त्योहारों पर स्थिति और अधिक खराब हो जाती है।

### 1951 में बना गांधी कैंप बड़े बाजारों में शुमार

सन 1951 में बनी गांधी कैंप बाजार में रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन यहां पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजार की गलियां काफी संकरी हैं और सड़क किनारे खड़े वाहन अक्सर जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। ऐसे में अब रेलवे ट्रैक के नीचे खाली स्थान का बेहतर उपयोग करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

### 250 से ज्यादा हैं दुकानें

गांधी कैंप बाजार में करीब 250 से अधिक दुकानें संचालित हैं। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में 20 हजार से ज्यादा आबादी निवास करती है। यहां कपड़ा, मोबाइल, कॉस्मेटिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान की बड़ी संख्या में दुकानें हैं, जहां रोजाना दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। व्यापारियों का मानना है कि पार्किंग की समस्या के कारण कई बार ग्राहक बाजार में आने से भी बचते हैं।

### जानिए...कहां से कहां तक बनेगी सड़क

- रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के नीचे सड़क का निर्माण किया जा रहा है। चिन्योट कॉलोनी से शुरू होकर सेक्टर-6 तक जाने वाली इस नई सड़क से 50 हजार से अधिक लोगों को लाभ होगा।
- यह गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर, सेक्टर-5 और सेक्टर-6 सहित विभिन्न कॉलोनियों को आपस में कनेक्ट करेगी।
- सरकार ने दावा किया था कि यह सड़क आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और रोहतक के लोगों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होगी।

## बाबा मस्तनाथ हेलीपैड और मंदिर के बीच बनेगा अंडरपास


# 6 माह दिल्ली रोड का ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

- सोमवार से शुरू होगा निर्माण कार्य, 2.70 करोड़ की लागत
- छह माह में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा
- विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को सीधे तौर पर जोड़ेगा
- फिलहाल सड़क पार करने में श्रद्धालुओं और छात्रों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दिल्ली रोड पर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ और विश्वविद्यालय परिसर को आपस में जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा बहुप्रतीक्षित अंडरपास निर्माण कार्य सोमवार से शुरू किया जा रहा है। विभाग ने निर्माण कार्य को लेकर स्थल पर सांकेतिक बोर्ड भी लगा दिए हैं। इस परियोजना के पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

छह माह में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। यह अंडरपास बाबा मस्तनाथ हेलीपैड, मंदिर परिसर और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को सीधे तौर पर जोड़ेगा। अभी तक सड़क पार करने में श्रद्धालुओं और छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, विशेषकर दिल्ली रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। अंडरपास बनने से सुरक्षित आवाजाही संभव हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह अंडरपास लगभग 7 मीटर चौड़ा होगा। इसकी डिजाइन इस प्रकार तैयार की गई है कि इसमें से केवल पैदल यात्री ही नहीं बल्कि छोटे-बड़े वाहन भी आसानी से गुजर सकेंगे।




### ये होंगे फायदे

- परियोजना का सबसे बड़ा लाभ बाबा मस्तनाथ मठ आने वाले श्रद्धालुओं और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले हजारों छात्रों को मिलेगा।
- अंडरपास बनने से छात्रों को सड़क पार कर विभिन्न विभागों तक पहुंचने में आसानी होगी।
- मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को ट्रैफिक जाम व सड़क दुर्घटना के खतरे से राहत मिलेगी।
- वीआईपी की मठ से हेलीपैड तक सीधे अंडरपास से आवाजाही हो सकेगी।
- सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी और यातायात बाधित होने की संभावना कम रहेगी।

### जिन रास्तों पर लगता है डर, अब वहीं से गुजरना होगा

#### विकल्प : ओमेक्स सिटी व बोहर के रास्ते जाना होगा दिल्ली

अंडरपास निर्माण के दौरान दिल्ली की तरफ आने वाले व जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाएगा। यह रूट ओमेक्स सिटी फेज-1 व 2 के बीच से गुजरने वाली सड़क से दिल्ली की और जाने व आने के लिए डायवर्ट किया जाएगा। वाहन चालक बोहर की और से दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते को भी अपना सकते है। ताकि आमजन को भी आने जाने में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए विभाग ने अपनी पूरी तैयारियां कर ली गई है। सोमवार से पूरी उम्मीद है यह निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

#### अलर्ट : रात में यह रास्ते सूने, सुरक्षा है चुनौती

ओमेक्स व बोहर की तरफ आईएमटी से गुजरने वाले यह रास्ते पूरी तरह से सूनसान रास्ते है। इन्हीं रास्तों में झाड़ियां भी उगी हुई है। रात के समय लाइट भी नहीं जलती है। ऐसे में वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पुलिस के द्वारा सुरक्षा इंतजाम करने बहुत जरूरी है। ताकि वाहन चालकों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### विभाग ने लगाए संकेतक बोर्ड

विभाग ने निर्माण कार्य को लेकर स्थल पर संकेतक बोर्ड भी लगा दिए हैं। इस परियोजना के पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। छह माह में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से इस अंडरपास का निर्माण करवाया जाएगा।

**अरुण कुमार**, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

# आसमान से बरसी राहत की बूंदें अब 3 दिन कम सताएगी गर्मी



**3.3 डिग्री तक गिरा अधिकतम तापमान**

- 10-12 दिन से बरस रही थी आग, शाम 6 बजे बदला मौसम
- अधिकतम पारा $43.3^0$ व $24.2^0$ रहा न्यूनतम तापमान
- आसपास बारिश व तेज हवाएं चलने की संभावना

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** जिले में पिछले दस-बारह दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच वीरवार शाम सवा छह बजे मौसम ने अचानक करवट ली। और तेज धूल भरी हवाओं ने गर्मी से बेहाल लोगों को कुछ राहत पहुंचाई। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। आईएमडी का कहना है कि अगले 2 से 3 दिन तक मौसम ऐसे ही परिवर्तनशील बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में बरसात होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया है। शाम को मौसम बदलने से पहले ही रोहतक के अधिकतम तापमान में 3.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई थी। अधिकतम तापमान 43.3 और न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई इस कमी से लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी से थोड़ी राहत महसूस हुई। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से जिले में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर चल रहा था।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम

आईएमडी के मुताबिक कि पश्चिमी विक्षोभ और बदलते वायुमंडलीय दबाव के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। इसके असर से अगले दो से तीन दिनों तक रोहतक समेत आसपास के क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाएं चलने की पूरी संभावना बनी हुई है। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। शाम के समय चली हवाओं के बाद लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, लेकिन धूल के कारण बाजारों और मुख्य सड़कों पर परेशानी भी देखने को मिली। कई दोपहिया वाहन चालकों को आंखों में जलन और धूल से बचने के लिए चेहरे ढकने पड़े। वहीं किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो खरीफ फसलों की बिजाई के लिए फायदा मिलेगा।

# नई अनाज मंडी ब्लाइंड मर्डर का आरोपी अवैध हथियार समेत दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- नई अनाज मंडी के पीछे पकड़ा गया आरोपी, शक की बिनाह पर पूछताछ में हुआ हत्याकांड का खुलासा

नई अनाज मंडी में दुकान के पीछे हुए ब्लाइंड मर्डर मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने हत्या की वारदात में शामिल आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया गया है।

इस मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि 27 मई को उप निरीक्षक सत्यवान के नेतृत्व में सीआईए-1 टीम शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में सुनारियां चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नई अनाज मंडी में हुई हत्या की वारदात में शामिल एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नई अनाज मंडी के पीछे से एक युवक को शक के आधार पर काबू किया।

### पहले ही पकड़े जा चुके हैं तीन आरोपी

पूछताछ में उसकी पहचान अर्जुन पुत्र रामदीन निवासी गांव अमेरता, जिला उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव बहराणा जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस ने नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी आयुष यादव ने बताया कि आरोपी अर्जुन नई अनाज मंडी स्थित दुकान के पीछे हुई मोहित हत्याकांड में शामिल रहा है। इस मामले में थाना शिवाजी कॉलोनी में पहले से हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अब गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।



## सिंचाई विभाग ने भेजी 2500 क्यूसेक की डिमांड, आज से बढ़ सकती है सप्लाई

# जेएलएन में 24 घंटे लेट पहुंचा पानी, वह भी डिमांड का केवल 20 फीसदी

**ताजेवाला हेड पर नहरों के लिए चाहिए 8000 क्यूसेक पानी, बह रहा है केवल 1792**

**यमुना के कैचमेट एरिया में बरसात होने पर ही बढ़ेगी क्षमता, प्रदेश की सभी नहरों में बनी हुई है पानी की कमी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक जिले में लगातार गहराते पेयजल संकट के बीच जेएलएन फीडर में बेहद कम पानी पहुंचने से चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में फीडर में केवल करीब 500 क्यूसेक पानी चल रहा है, जबकि शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत इससे कई गुना अधिक बताई जा रही है। ऐसे में लोगों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर रोहतक शहर की प्यास कैसे बुझेगी। जेएलएन फीडर न केवल रोहतक जिले की प्यास बुझाता है। बल्कि झज्जर, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ शहर तक फीडर का पानी पहुंचता है। ऐसे में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्थिति फिलहाल चुनौतीपूर्ण बनी हुई है, लेकिन शुक्रवार से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विभाग ने जेएलएन फीडर के लिए 2500 क्यूसेक पानी का इंडेट भेजा है, ताकि पेयजल आपूर्ति और सिंचाई जरूरतों को संतुलित किया जा सके।



### गहराया जल संकट

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता रामनिवास ने बताया कि वीरवार दोपहर तक ताजेवाला हेड से हरियाणा की विभिन्न नहरों के लिए केवल 1792 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, जबकि प्रदेशभर में मांग करीब 8000 क्यूसेक तक पहुंच चुकी थी। मांग और उपलब्धता के बीच भारी अंतर के कारण कई जिलों में जल संकट गहराता जा रहा है। मालूम रहे कि ताजेवाला हेड से मुख्य रूप से पश्चिमी यमुना नहर, पूर्वी यमुना नहर, दिल्ली ब्रांच तथा आगे भाखड़ा और जेएलएन फीडर से जुड़ी प्रणालियों में पानी छोड़ा जाता है।

### गांवों में भी बिगड़े हालात

रोहतक शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। कई गांवों में पहले ही पेयजल संकट को लेकर प्रदर्शन हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ पानी की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन नहरों में पर्याप्त सप्लाई नहीं मिलने से जलघर और वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिकारियों के मुताबिक यदि आगामी दिनों में ताजेवाला हेड से डिस्चार्ज नहीं बढ़ा तो पश्चिमी हरियाणा के कई हिस्सों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल प्रशासन की निगाहें शुक्रवार से संभावित बढ़ी हुई जल आपूर्ति पर टिकी हुई हैं।

### नहरों में पानी कम

ताजेवाला हेड पर नहरों में छोड़े जाने वाले पानी की क्यूसिक क्षमता प्राकृतिकता पर निर्भर करती है। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश बढ़ने पर यमुना में पानी की आवक बढ़ जाती है, जिससे हथिनीकुंड और ताजेवाला हेड से अधिक डिस्चार्ज छोड़ा जा सकता है। इसके अलावा बैराज के गेट संचालन, राज्यों की मांग, सिंचाई और नहरों की स्थिति भी अहम भूमिका निभाती है। नहरों की सफाई, सिल्ट हटाने और लाइनिंग सुधारने से भी उनकी जल वहन क्षमता बढ़ती है। वर्तमान में कम आवक के कारण हरियाणा की कई नहरों में पानी की कमी बनी हुई है।


## 10 हजार एकड़ में डीएसआर लक्ष्य, रकबा 1200 एकड़ पार नहीं कर पाया

# 5 साल में जिले में 1 प्रतिशत रकबे तक भी नहीं पहुंची सीधी बिजाई

- धान की सीधी बिजाई पर प्रोत्साहन लेने के लिए 15 जून तक कराएं पंजीकरण, जून से शुरू होगी बिजाई
- 1.75 लाख एकड़ में केवल 1000-1200 एकड़ में अपनाई जा रही डीएसआर तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार ने भूजल बचाने और खेती में पानी की खपत कम करने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में धान की सीधी बिजाई यानी डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) योजना शुरू की थी। रोहतक जिले में डीएसआर तकनीक किसानों का भरोसा पूरी तरह नहीं जीत पाई है। ध्यान रहे कि राज्य में जो किसान धान की सीधी बिजाई करते हैं, उन्हें सरकार प्रति एकड़ 4500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देती है। इससे पहले 4 हजार रुपये प्रति एकड़ दी जाती थी। जिले में हर वर्ष करीब 1 लाख 75 हजार एकड़ क्षेत्र में धान की खेती होती है। अगले महीने जून से धान की बिजाई का सीजन शुरू होने वाला है और कृषि विभाग भी तैयारियों में जुट गया है। लेकिन जिले में अब तक केवल 1000 से 1200 एकड़ क्षेत्र में ही किसान सीधी बिजाई तकनीक अपना रहे हैं। कुल धान क्षेत्र के मुकाबले यह हिस्सा महज 0.57 से 0.68 प्रतिशत के बीच बैठता है। यानी जिले के 99 प्रतिशत से अधिक किसान अब भी पारंपरिक धान रोपाई पद्धति पर ही निर्भर हैं। इस बार जिन किसानों ने सीधी बिजाई करने के लिए सरकार से प्रोत्साहन राशि लेनी है, उन्हें 15 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इस बार 10 हजार एकड़ में सीधी बिजाई कराने का लक्ष्य सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को दिया है।



एआई जेनरेटेड

### 15 से 20 प्रतिशत पानी की होती है बचत

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार डीएसआर तकनीक पानी बचाने में काफी प्रभावी मानी जाती है। इस विधि में खेतों में धान की पौध रोपने के बजाय सीधे बीज बोए जाते हैं। इससे मजदूरी की जरूरत कम पड़ती है और करीब 15 से 20 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव होती है। किसानों का कहना है कि सीधी बिजाई में खरपतवार नियंत्रण सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक डीएसआर तकनीक के सफल प्रयोग के लिए खेत का पूरी तरह समतल होना जरूरी है। इसके लिए लेजर लैंड लेवलर जैसी मशीनों की जरूरत पड़ती है, जो छोटे किसानों के लिए हर बार आसान नहीं होती। साथ ही शुरुआती दिनों में खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखना भी चुनौती रहता है।

### 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

डीसी ने कहा कि किसानों से खरीफ सीजन 2026 की फसलों का पंजीकरण 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर समय रहते करवाने की अपील की है, ताकि किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने खरीफ 2026 के लिए पोर्टल खोल दिया है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना के तहत जिला रोहतक को 10 हजार एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। योजना के अंतर्गत किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका लाभ लेने के लिए किसानों को 15 जून तक पोर्टल पर पंजीकरण करते समय डीएसआर विकल्प का चयन करना होगा।

**कई दिनों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी**

## इंद्रा कॉलोनी चौक पर सीवर ओवरफ्लो से जनता परेशान

- बदबू और जाम से राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंद्रा कॉलोनी चौक स्थित श्याम मॉडल स्कूल के पास पिछले कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। सीवर का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे आसपास के इलाके में बदबू फैली हुई है। यह सड़क काफी व्यस्त मानी जाती है और यहां से दिनभर बड़ी संख्या में वाहन चालक, स्कूली बच्चे और स्थानीय निवासी गुजरते हैं। सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है तथा दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की जा रही। गर्मी और उमस के मौसम में सीवर से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास के दुकानदारों और घरों में रहने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### विरोध प्रदर्शन करने को होंगे मजबूर

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## पुलिस ने युवक को 2 किलो 83 ग्राम गांजे सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा महम की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से कुल 2 किलो 83 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया है। बता दें कि उप निरीक्षक अश्वनी के नेतृत्व में अपराध शाखा महम की टीम लाखनमाजरा मैन चौक के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बिहार निवासी एक युवक इलाके में नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है और वह रोहतक-जींद रोड की तरफ मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और रोहतक-जींद रोड स्थित भगवतीपुर पुल के पास खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में युवक की पहचान राजेश पुत्र रामबहादुर निवासी बिहार हाल किरायेदार आजादगढ़, रोहतक के रूप में हुई। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 2 किलो 83 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना लाखनमाजरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि वह नशीले पदार्थ कहां से लाता था और किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने छबील लगाकर पिलाया मीठा व ठंडा शरबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।

मानव उत्थान सेवा समिति ने बृहस्पतिवार को विपुला बाई की अध्यक्षता व राजिंदर सिंह जांगड़ा के सौजन्य से समिति के श्रद्धालुओं ने सुनारियां चौक पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया। वहीं शाम को सुनारिया चौक हंस क्लिनिक सत्संग का आयोजन किया। विपुला बाई ने शहरवासियों को एकादशी की शुभकामनाएं दी।

## सांपला में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत

**सांपला।** कस्बे में केन्द्रीय टीम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की शुरुआत कर दी गई है। टीम घर-घर जाकर साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और शौचालयों की स्थिति का जायजा ले रही है। ये टीम अलग-अलग वार्डों में जाकर सर्वे कर रही है। टीम द्वारा खुले में कूड़ा, नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालय, घरों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देना आदि जांचा जा रहा है। वहीं लोगों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। बेहतर रैंक के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। इसके बाद कस्बे को स्वच्छता रैंक दी जाएगी। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने कहा कि पिछले साल से बेहतर रैंकिंग मिलेगी।

## भाजपा महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने वाली पार्टी : मंजू हुड्डा



**रोहतक।** वीरवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता की नियुक्ति पर जिला परिषद चेयरपर्सन व भाजपा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू हुड्डा ने खुशी जाहिर की। भाजपा नेत्री मंजू हुड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना महिलाओं के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय है। चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने कहा कि भाजपा महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने वाली पार्टी है। संगठन में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। एक महिला को हरियाणा भाजपा संगठन की कमान सौंपना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मंजू हुड्डा ने बताया कि भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व में अवसर देने का लगातार काम कर रही है। मंजू हुड्डा ने हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता की नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## दो दिवसीय कार्यक्रम में सुनारियां व मायना में लोगों को नशे की बुराइयों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में वर्तमान समय में तीन नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां नशे से प्रभावित व्यक्तियों का लगातार उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीजीआईएमएस स्थित नशा मुक्ति केंद्र में किसी भी प्रकार के नशे से पीड़ित व्यक्तियों का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर संपर्क किया जा सकता है। डीसी ने कहा कि इसी कड़ी में गांव सुनारिया और मायना स्थित राजकीय उच्च विद्यालयों में दो दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

**मंथन** | बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या से निपटना निगम के लिए चुनौती

**समस्या के स्थायी समाधान पर हुई चर्चा**

# जलभराव के जिन स्थानों को जानता बच्चा-बच्चा उन्हें चिह्नित करने के लिए निगम ने बनाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने और बरसाती पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी को लेकर नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सफाई एवं तकनीकी शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां जलभराव की स्थायी समस्या के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हर वर्ष पानी भरने की समस्या रहती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां जरूरत हो वहां पम्प सैट लगाए जाएं और जिन स्थानों पर स्थायी समाधान की आवश्यकता है, वहां सम्प वेल का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही बरसात के दौरान पानी निकासी के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया जाएगा, जो जलभराव की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी।



**रोहतक।** नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग लेते आयुक्त नरेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### शहर में यहां-यहां होता है सबसे अधिक जलभराव

शहर में छोटूराम चौक, राहड जोहड, शीला बाईपास, सेक्टर-1 व 2 की मार्केट, किला रोड, डेयरी मोहल्ला, सोनीपत रोड, गोहाना अड्डा, गौकर्ण डेरा, हिसार बाईपास का एरिया, डीएलएफ कॉलोनी, रामगोपाल कॉलोनी, एमडीयू के सामने, सेक्टर-14 के एरिया में ज्यादा समस्या रहती है।

### शहर को विभिन्न जोनों में बांटा

नगर निगम द्वारा नालों की सफाई के कार्य के लिए शहर को विभिन्न जोनों में विभाजित करते हुए ई-निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और नियमानुसार जल्द ही सफाई कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि जलभराव वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नरेन्द्र कुमार ने कहा कि शहरवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर निगम की प्राथमिकता है और मानसून के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी अधिकारी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, योगराज छिकारा सहित तकनीकी एवं सफाई शाखा के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवीन जयहिंद के पिता धर्मप्रकाश के निधन पर कई नेताओं ने जताया शोक

**रोहतक।** नवीन जयहिंद के पिता स्वर्गीय धर्मप्रकाश कौशिक के आकस्मिक निधन पर प्रदेशभर में शोक की लहर है। उनका 26 मई 2026 को निधन हो गया। वे अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समर्थकों ने भैंसरू गांव स्थित निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि देने वालों में अरविंद शर्मा, कुलदीप वत्स, सुनील सांगवान और उमेद पातूवास सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियां शामिल रहीं। नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश परिवार के साथ खड़ा है। कौशिक परिवार की ओर से जानकारी दी गई कि दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष हेतु रस्म तेरहवीं और प्रार्थना सभा 7 जून 2026 को पैतृक गांव भैंसरू कलां में आयोजित की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### महान क्रांतिकारी वीर सवारकर को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** भारत के महान क्रांतिकारी वीर सवारकर के काल को इतिहास में दामोदर युग कहा गया है। उनकी जन्त तिथि पर उन्हें नमन किया गया। आखिल ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष एवं भगवान परशुराम आश्रम के मुख्य संरक्षक रणधीर भारद्वाज ने बताया कि सावरकर देश की स्वतंत्रता के लिए कई बार काला पानी की सजा पा चुके थे, फिर भी अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देते थे। उनके नाम को दामोदर स्वारकर युग कहा गया था। श्रद्धांजलि देने वालो में मुख्य रूप से रणधीर भारद्वाज, हरिकिशन, जयभगवान थानेदार, रविन्द्र भारद्वाज, बिजेन्द्र शर्मा, अमित शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, सूबेदार राज शर्मा, सूबेदार गीता राम शर्मा, शिव नारायण शर्मा एसडीओ, नफे सिंह, जयकिशन आदि प्रमुख थे।

### भालौठ सब ब्रांच पर ग्रामीणों का धरना 13वें दिन भी जारी

**रोहतक।** भालौठ सब ब्रांच नहर को लेकर ग्रामीणों का धरना गुरुवार को 13वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा दिए जा रहे नोटिसों और तर्कों का कड़ा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि नहर की सफाई और क्षमता बढ़ाने के नाम पर इसके तल को आरसीसी से पक्का किया जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में पानी का संकट गहरा सकता है। धरने में हुड्डा खाप प्रधान ओमप्रकाश, उमेद सिंह, रणधीर धामड़, प्रीत सिंह, राजू मकडोली, डॉ. जयपाल, एडवोकेट अत्तर सिंह हुड्डा, बलवान, प्रेम, जयप्रकाश हुड्डा, रणधीर राठी आदि मौजूद रहे।

## वीटीआई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए रोमांचक मुकाबले

# भारती क्रिकेट अकादमी ने गोयल क्रिकेट क्लब को 33 रनों से हराया

■ शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रतीक दुआ को मैन ऑफ द मैच चुना गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वीटीआई क्रिकेट ग्राउंड पर वीरवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारती क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 33 रनों से पराजित कर जीत अपने नाम की। मैच में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारती क्रिकेट अकादमी की टीम ने 37.1 ओवर में 215 रन बनाए। टीम की ओर से ध्रुव शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उनकी पारी में 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। वहीं प्रतीक दुआ ने तेज अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 42 रन बनाए। कप्तान हितेश बत्रा ने भी संयमित खेल दिखाते हुए 29 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गोयल क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी में रुद्र दहिया ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 ओवर में केवल 22 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा मयंक नेहरा, कप्तान अभिनव गुप्ता और पार्तिक भांकर ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर से रोकने का प्रयास किया।

### भावेश डांगी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने

216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत अच्छी रही। यशनील ने 34 रन और हिमांक सहगल ने 30 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद भावेश डांगी ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों में 51 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। पूरी टीम 34.1 ओवर में 182 रन पर ऑलआउट हो गई। भारती क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में कुशल बुधवार ने 20 रन देकर 3 विकेट झटके। अभिषेक शर्मा ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं प्रियांश, प्रतीक दुआ, शुभम ढाका और तनिष ने भी महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रतीक दुआ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। भावेश डांगी को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और रुद्र दहिया को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला। मुकाबले के अंत में भारती क्रिकेट अकादमी की टीम ने 33 रनों की जीत के साथ दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।



## जूनियर नेशनल बास्केटबॉल में हरियाणा फाइनल में

■ सेमीफाइनल में राजस्थान को 87-74 से हराकर खिताबी मुकाबले में बनाई जगह

**रोहतक।** हरियाणा की लड़कों टीम ने 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में वीरवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को 87-74 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से प्रदेश के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। यह चैंपियनशिप 22 से 29 मई तक पांडुचेरी में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और पांडुचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। हरियाणा बास्केटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ फरीदाबाद ने टीम की उपलब्धि की जानकारी दी। हरियाणा बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजय श्योराण ने बताया कि टीम के खिलाड़ी लगातार बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। लड़का वर्ग में शिवम पानीपत, सागर, प्रिंस सोनीपत, रुद्र कुरुक्षेत्र, अंशु खायरा महेंद्रगढ़, अजय हिसार, सचिन हिसार, राहुल हिसार, मयंक पानीपत, अनुज करनाल, मोनित सोनीपत और शौर्यवीर फरीदाबाद टीम का हिस्सा हैं। महासचिव पाल सिंह ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 89-65 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इसके बाद राजस्थान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में खिलाड़ियों ने शुरू से आक्रामक खेल दिखाया और महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरियाणा ने शानदार तालमेल और तेज आक्रमण के दम पर 87-74 से जीत दर्ज की। संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बिट्टू सैनी कोषाध्यक्ष, विनय श्योराण चीफ कोच, जगबीर सिंह सहायक कोच और कुलवंत सिंह टीम मैनेजर ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ फाइनल मुकाबला खेलेगी। हरियाणा की इस उपलब्धि से प्रदेश में बास्केटबॉल खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। अब सभी की निगाहें फाइनल मुकाबले पर टिकी हुई हैं, जहां हरियाणा टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी।

# यक्षांश दांगी ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

## आर्य स्कूल मदीना में जश्न का माहौल




**महम।** विजेता खिलाड़ी यक्षांश दांगी को सम्मानित करते खेल समिति व साथ मौजूद प्रिंसिपल अशोक दांगी। फोटो : हरिभूमि

■ पांच दिवसीय प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में करीब 500 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

रोहतक जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 34वीं पांच दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि अजय सिंघानिया उपाध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं महासचिव, हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन और एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सफलताओं की सराहना करते हुए खेलों में अनुशासन, टीम भावना और सक्रिय भागीदारी को हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण बताया। एसोसिएशन अध्यक्ष के अनुसार इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में करीब 500 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम दिन विभिन्न श्रेणियों के फाइनल मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के बॉयज वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना के छात्र यक्षांश दांगी ने आयुष और श्रेयांश को पराजित कर शानदार जीत हासिल की। यक्षांश की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने उसे फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# शिक्षा भारती माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय घोष वर्ग का उद्घाटन समारोह संपन्न

■ ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सामूहिक कार्यशैली का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में संकुल स्तरीय घोष वर्ग का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में तिलक रेहलन पधारे इस अवसर पर विद्यालय परिवार, आचार्य एवं विद्यार्थियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि घोष वर्ग केवल संगीत एवं अनुशासन का प्रशिक्षण नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, संगठन भावना एवं संस्कारों का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। संकुल प्रमुख अश्विनी कुमार ने कहा कि घोष वर्ग के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सामूहिक कार्यशैली का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करते हैं।

## राज्यस्तरीय कार्यशाला में एमडीयू यूथ रेड क्रॉस की सराहना की



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूथ रेड क्रॉस (वाईआरसी) की गतिविधियों और उपलब्धियों को राज्यस्तर पर सराहना मिली। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय यूथ रेड क्रॉस ओरिएंटेशन कार्यशाला में एमडीयू की ओर से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान और वाईआरसी काउंसलर डॉ. मीनू ने भाग लिया। चंडीगढ़ में वीरवार को आयोजित कार्यशाला में प्रो. अंजू धीमान ने एमडीयू यूथ रेड क्रॉस की सामाजिक गतिविधियों, उपलब्धियों, पुरस्कारों, कार्यकारिणी बैठकों, फंड उपयोग तथा भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की परियोजना पर आधारित एमडीयू वाईआरसी की केस स्टडी के रिसर्च कम्पेंडियम वॉल्यूम-2 में प्रकाशित होने की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी और महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने एमडीयू यूथ रेड क्रॉस की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# जनवादी लेखक संघ की गोष्ठी में दिया सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश

■ बकरीद पर कहानियों के माध्यम से भाईचारे सामाजिक समानता और मानवीय मूल्यों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



बकरीद के अवसर पर जनवादी लेखक संघ द्वारा रामगोपाल कॉलोनी स्थित ज्ञान-विज्ञान केंद्र में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक भाईचारे पर आधारित कहानियों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रणबीर सिंह दहिया ने की, जबकि संचालन जिला सचिव मनीषा ने किया।

गोष्ठी में जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोमेश ने अपनी चार स्वरचित कहानियों का पाठ किया। उनकी कहानी 'हिंदुस्तान चली जाऊंगी' में देश विभाजन के दौर की मार्मिक परिस्थितियों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें एक मां अपने बेटे को सांप्रदायिक हिंसा से रोकते हुए मानवता का संदेश देती है। इसके अलावा एक कहानी में दलित समाज के शोषण और सामाजिक विडंबनाओं को उजागर किया गया, जबकि अलाउद्दीन खिलजी के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित दो कहानियों के माध्यम से सत्ता और राजनीति के विभिन्न पहलुओं को सामने रखा गया। चर्चा के दौरान अमन वशिष्ठ ने कहा कि इतिहास में शासकों की लड़ाइयों का संबंध अधिकतर राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से रहा है, न कि धर्म से। वहीं मुकेश यादव ने कहा कि समाज आज भी सामंती सोच से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है।गोष्ठी में देश में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में अमिताभ शर्मा, आशुतोष शर्मा, प्रमोद गौरी, जितेंद्र खत्री, निशा, राजेश दलाल सहित अनेक साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।



कलश यात्रा के लिए महिलाओं को रवाना करते शहर के समाजसेवी।

# भागवत कथा के उपलक्ष्य में निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

कस्बा महम के वार्ड 9 में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में वीरवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर हवन किया गया और शहर में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कथा वाचक पंडित योगेश शास्त्री ने बताया कि मंदिर की यह तीसरी भागवत कथा है। मंदिर में रोजाना शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। कथा तीन जून तक चलेगी। चार जून को सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा। इस मौके पर विजय मित्तल, बजरंग गोयल, रमेश शर्मा, अजय कुमार, मुकेश, विनित बंसल व प्रवीण शर्मा समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने मनाई सावरकर की जयंती



हुडा कांप्लेक्स स्थित माधव कुंज उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण कर नमन करते डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति के सदस्य।

**रोहतक।** क्रांतिकारियों के सिरमौर वीर सावरकर की जयंती डॉ हेडगेवार स्मारक समिति की ओर से हुडा कांप्लेक्स स्थित माधव कुंज में मनाई गई। सदस्यों की ओर से उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण कर उनको नमन किया गया। समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता ने बताया कि वह भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक ,समाज सुधारक, इतिहासकार ,कवि और ओजस्वी वक्ता व दूरदर्शी राजनेता थे उनको दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, जो की 25 -25 साल की थी इनकी उम्र उस समय 28 साल की थी। इस अवसर पर रमेश गोयल ने बताया कि हिंदू राष्ट्रवाद की राजनीति विचारधारा हिंदूत्व को विकसित करने का एक बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। गोविंद राम गर्ग ने भी इस समय अपने उद्बोधन में कहा कि जेल में इन पर घोर अत्याचार किए गए। कोल्हू में जुताकर तेल निकालना ,नारियल कूटना, कोड़े की मार , भूखे- प्यासे रखना, कई दिन तक लगातार खड़े रखना, हथकड़ी और बेड़ी में जकड़ना जैसी यातनाएं इन्हें हर दिन ही झेलनी पड़ती थी। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, रमेश गोयल, गोविंद राम गर्ग, रमन गुप्ता, शंकर लाल गर्ग , सतपाल, दिलीप ,छबिलाल ,सतीश, अशोक सिक्का, अरुण, अनिरुद्ध, कार्तिक, दीप आदि उपस्थित रहे।

## महम में हर्षोल्लास से मनाई ईद



**महम।** महम में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। अल्पसंख्यक समाज की धर्मशाला में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक बलराम दांगी और अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान मोहब्बत की छबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। विभिन्न धर्मों और जातियों के लोगों ने एक साथ बैठकर जलपान किया। मुस्लिम समाज के भाइयों को सभी ने ईद की मुबारकबाद दी। विधायक बलराम दांगी ने कहा कि ऐसे मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और इंसानियत का खूबसूरत संदेश देते हैं। ईद के अवसर पर आयोजित इस पहल की लोगों ने बेहद सराहना की। ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे प्रमुख लोगों में महम विधायक बलराम, शिक्षाविद प्रोफेसर हिम्मत सिंह, जगमती सांगवान, जगत काला, किसान सभा से बलवान खरक एवं शमशेर भैणीचंद्रपाल, रायसिंह नेहरा, सीटू से सतबीर, सत्यनारायण और प्रकाश, खेत मजदूर यूनियन से रामचंद्र बैंसी, बसपा से विनय भंते, मास्टर हवासिंह, अजीत सिंह मेहरा, जगबीर लांग्यान, अजमेर भुकल, मास्टर महेन्द्र मौजूद रहे।



## बकरीद पर शहर की मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**रोहतक।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पावन अवसर पर शहर की विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत और उत्साह के साथ नमाज अदा की। नूरानी मस्जिद, लाल मस्जिद तथा शीशे वाली मस्जिद में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली।जींद रोड स्थित नूरानी मस्जिद में विशेष रूप से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई, जहां मौलानाओं ने अपने संदेश में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे, आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। नमाज के बाद देश और समाज में शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। धार्मिक नेताओं ने कहा कि मौजूदा समय में देश जिन विभिन्न चुनौतियों और संकटों से गुजर रहा है, उनसे निजात दिलाने के लिए सभी को मिल-जुलकर रहने और इंसानियत का संदेश फैलाने की जरूरत है।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज ऐप पर दिखेगा एक्टिंग से लेकर निर्देशन तक का जलवा

# सुपवा के छात्रों से सजी दूजवर-2 आज होगी रिलीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यंग टैलेंट

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्रों से सजी हरियाणवी फिल्म दूजवर-2 आज रिलीज होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज ऐप पर फिल्म के जरिए सुपवा के छात्रों की अदाकारी से लोग रूबरू हो सकेंगे। फिल्म में दर्शकों को मजबूरी में बंधे रिश्तों की कहानी करीब से देखने को मिलेगी। दूजवर-2 में मुख्य किरदार सुपवा की फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के पूर्व छात्रों ने निभाए हैं। इसमें एक्टिंग डिप्लोमा कोर्स साल 2023 के छात्र रहे केशव कादियान, अरूण नारा, निशा शर्मा, मधु व बैचलर इन डायरेक्शन के छात्र रहे आशीष नेहरा मुख्य किरदार रहे हैं। आशीष फिलहाल सुपवा में ही असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि दूजवर को मिली सफलता के बाद फिल्म निर्माता ने दूजवर-2 बनाने का फैसला लिया।



ज्ञानेश



मधु

■ सुपवा में छात्रों को फिल्म इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार शिक्षित व प्रशिक्षित किया जा रहा

■ देश-दुनिया में अपने साथ यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम कर रहे हैं रोशन

फिल्म की एडिटिंग सुपवा में बैचलर इन एडिटिंग के 2018 बैच के छात्र रहे ज्ञानेश ने की है, जबकि केशव कादियान ने फिल्म में अभिनय के साथ ही इसका निर्देशन भी किया है। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर देवेंद्र दाह हैं, जो सुपवा में बैचलर इन डायरेक्शन 2013 बैच के छात्र रहे हैं। देवेंद्र दाह इससे पहले सन्नी देयोल अभिनीत सुपर हिट फिल्म गदर-2 के सहायक निर्देशक भी रह चुके हैं। आशीष नेहरा ने फिल्म में मनोज का किरदार निभाया है, जबकि निशा उनकी पत्नी आरती की भूमिका में है। केशव कादियान ने मनोज के भाई सुमित का रोल किया है, तो मधु ने सुमित की प्रेमिका बनी हैं।

### सुपवा परिवार के लिए यह गर्व का विषय

कुलगुरु डॉ. अमित आर्य कहते हैं कि सुपवा परिवार के लिए यह गर्व का विषय है, जो एक ही फिल्म में सुपवा के इतने पूर्व छात्र किसी न किसी भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्देशक से लेकर एक्टर तक सुपवा के छात्रों की मौजूदगी से पता चलता है कि यह यूनिवर्सिटी भविष्य के एक्टर, डायरेक्टर, एडिटर तैयार कर रही है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सुपवा में छात्रों को फिल्म इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार शिक्षित व प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे देश-दुनिया में अपने साथ यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## आरडब्ल्यूए जल्द करेगी नरेंद्र कुमार से मुलाकात

# सेक्टरवासी निराश : नहीं मिलीं मूलभूत सुविधाएं, सोलर स्ट्रीट लाइटें खराब, सड़कें टूटीं, सीवर ठप, नए आयुक्त से उम्मीदें

- समस्याओं का गढ़ बने सेक्टर एक दो, तीन व सेक्टर 14
- समस्याओं को विस्तार से रखेंगे और समाधान की मांग उठाएंगे

सिटी पल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के विभिन्न सेक्टरों में रहने वाले लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यहां सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, बरसाती पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, सोलर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं, सड़कें टूट चुकी हैं, सीवर व्यवस्था ठप्प है। पार्कों की हालत भी बदतर बनी हुई है। इन समस्याओं को लेकर अब सेक्टरों की आरडब्ल्यूए ने नगर निगम के नव नियुक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार से बड़ी उम्मीदें जताई हैं। आरडब्ल्यूए का कहना है कि जल्द ही वे निगम आयुक्त से मुलाकात कर सेक्टरों की समस्याओं को विस्तार से रखेंगे और समाधान की मांग करेंगे।

आरडब्ल्यूए का कहना है कि हुडा द्वारा सेक्टरों को 2016 में नगर निगम को सौंपे जाने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब सुविधाओं में सुधार होगा, लेकिन स्थिति पहले से ज्यादा खराब होती चली गई। सेक्टरों में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। बरसात के दिनों में सड़कों पर पानी भर जाता है, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई जगहों पर सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या लगातार बनी हुई है। पार्कों की देखरेख नहीं होने से बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### यहां से पुलिस चौकी हटाई

लोगों ने यह भी चिंता जताई कि सेक्टर-1 और सेक्टर-14 से पुलिस चौकी हटाए जाने के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा की भावना रहती थी, लेकिन चौकियां हटने के बाद चोरी और असामाजिक गतिविधियों को लेकर डर बढ़ गया है। मांग की गई है कि इन क्षेत्रों में दोबारा पुलिस चौकियां स्थापित की जाएं ताकि लोगों को सुरक्षा मिल सके।


रोहतक। सेक्टर 14 में पार्क की टूटी पड़ी दीवार।

### लंबे समय से सफाई व्यवस्था प्रभावित


सेक्टर में लंबे समय से सफाई व्यवस्था प्रभावित है। जगह-जगह गंदगी जमा रहती है और बरसात के समय हालात और खराब हो जाते हैं। कई सड़कों की हालत खराब है तथा स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी हैं। सेक्टर-1 से पुलिस चौकी हटने के बाद लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। बिजली की सप्लाई भी सही नहीं है। पार्कों में मरम्मत की जरूरत है। 2016 में सेक्टर को नगर निगम को सौंपा गया था, इसके बाद सुविधाएं न के बराबर हैं। नए निगम आयुक्त से उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

-चेयरमैन कदम सिंह अहलावत
आरडब्ल्यूए, सेक्टर-1

### पार्कों का नियमित रखरखाव नहीं हो रहा


सेक्टर में सीवर जाम और जल निकासी की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बनी हुई है। पार्कों की हालत भी खराब है और नियमित रखरखाव नहीं हो रहा। वैश्य स्कूल से लेकर अस्पताल तक की सड़कें टूटी पड़ी हैं। सेक्टरवासियों को लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। जल्द ही अधिकारियों से मिलकर सभी समस्याएं रखी जाएंगी।

-प्रधान बलबीर सिंह
आरडब्ल्यूए, सेक्टर-3

### चौकी हटने से बना है डर का माहौल


सेक्टर 14 में सोलर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं और सड़कें टूटी हुई हैं। बरसात के दौरान लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। पार्क की दीवार टूटी हुई है। सीवर लाइन बंद पड़ी है। पुलिस चौकी हटने के बाद लोगों में डर का माहौल है। नए निगम आयुक्त से सेक्टरवासियों को काफी उम्मीदें हैं और वे चाहते हैं कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान कराया जाए।

-प्रधान सुनेहरा सिंह काजल
आरडब्ल्यूए, सेक्टर-14

## खबर संक्षेप

### महिला को शौचालय में ले जाकर जमकर पीटा

**रोहतक।** सेक्टर-2-3 मार्केट में कोल्ड ड्रिंक को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अब मारपीट तक पहुंच गया। बुधवार देर शाम दो महिलाओं ने किरयाना दुकान संचालक महिला को बाजार के सार्वजनिक शौचालय में ले जाकर जमकर पीट दिया। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर अर्बन स्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शनिवार को एक युवक सेक्टर-2-3 मार्केट स्थित किरयाना दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर युवक और दुकान संचालक महिला के बीच कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम युवक के परिजनों में शामिल दो महिलाएं मार्केट में पहुंचीं और दुकान संचालक महिला को बातचीत के बहाने सार्वजनिक शौचालय की तरफ ले गईं। आरोप है कि वहां दोनों महिलाओं ने महिला की जमकर धुनाई कर दी और मौके से फरार हो गईं।

### युवक पर सुए से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सुभाष नगर क्षेत्र में एक युवक पर सुए से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सिविल लाइन में 26 मई को सुभाष नगर निवासी अमित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। अमित इलाके में कन्फेक्शनरी की दुकान चलाता है। घटना वाले दिन दोपहर करीब 3:30 बजे अमित अपने पिता के साथ दुकान पर मौजूद था। अंकुश नामक युवक दुकान पर सिगरेट लेने पहुंचा। अमित द्वारा सिगरेट देने से मना करने पर आरोपी भड़क गया और उसने अमित की कमर पर सुए से हमला कर दिया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 27 मई को आरोपी अंकुश पुत्र ओम बागरी निवासी भेंबवा, जिला झज्जर हाल निवासी सुभाष नगर, रोहतक को गिरफ्तार कर लिया।

## आयुक्त ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

# अब आपके फीडबैक से सुधरेगी सफाई व्यवस्था

*आमजन को सुविधा प्रदान करना निगम का मुख्य उदेश्य*

अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें तथा जहां भी कमी पाई जाए, उसे तुरंत दूर करवाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते आयुक्त नरेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

शहर की सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, कूड़े का सही ढंग से निष्पादन, सार्वजनिक शौचालयो की सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की समीक्षा हेतु सफाई शाखा के अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में चल रहे सफाई कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सफाई कार्य में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी फिल्ड में कार्य करने एवं शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने बारे निर्देशित किया गया है क्योंकि नगर निगम का मुख्य उदेश्य आमजन को सुविधा प्रदान करना होता है जिसमें सफाई व्यवस्था प्राथमिकता होती है, इसलिए सफाई व्यवस्था में सुधार करें। उन्होंने कहा कि हर घर से कूड़े का उठान सुनिश्चित किया जाए व गंदगी के ढेर नहीं लगे होने चाहिए। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें तथा जहां भी कमी पाई जाए उसे तुरंत दूर करवाया जाए। बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए। यदि कोई शहर में आए तो उसे सफाई व्यवस्था दिखनी चाहिए व सफाई कार्य होने का फीडबैक आमनज से प्राप्त होना चाहिए तथा सफाई कार्य से संबंधित शिकायते प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी व मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्यव्रत व तरूण कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार व सचिन, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़ व नीरज, सफाई निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक नरेन्द्र, परमजीत, कृष्ण लाल, प्रदीप कुमार, संदीप राठी आदि उपस्थित रहे।

### नागरिक स्वच्छता व्यवस्था में करें सहयोग

प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने घर, गली, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करे। घरों से निकलने वाले कूड़े को गीला और सूखा अलग-अलग रखें तथा नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करें, ताकि जनभागीदारी से रोहतक शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान दिलाया जा सके।

### कूड़ा लाने व ले जाने में न बरती जाए ढील

कूड़े के उचित एवं वैज्ञानिक निस्तारण पर भी विशेष चर्चा की गई। एकत्रित कूड़े का नियमानुसार निपटान सुनिश्चित किया जाए तथा कूड़े के ले जाने एवं डिस्पोजल प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शहर में बने सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, रखरखाव एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक शौचालयों में सफाई, पानी, रोशनी की व्यवस्था इत्यादि बनी रहनी चाहिए तथा सफाई कर्मचारियों की नियमित डयूटी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालयों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए तथा कोई कमी पाई जाए तो तुरंत ठीक करवाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


रोहतक। मांगों के लिए धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

## 31 को मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बेगारी के खिलाफ और पक्की नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को चौदहवें दिन भी जारी रही। लघु सचिवालय के बाहर बैठे हड़ताली कर्मचारियों ने ऐलान किया कि शुक्रवार को जिले के सभी ब्लॉकों में प्रदर्शन किए जाएंगे, जबकि 31 मई को कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर होने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भागीदारी की जाएगी।

यह निर्णय धरने पर मौजूद रोहतक, लाखनमाजरा और महम ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों की बैठक में लिया गया। धरने की अध्यक्षता शीला बालंद और दयाचंद ने की। सीटू जिला कोषाध्यक्ष कमलेश लाहली, यूनियन जिला प्रधान दलेर और जिला सहसचिव राकेश ने सरकार पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

सफाईकर्मियों ने बताया कि नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के लिए 2100 रुपये वेतन वृद्धि और 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। वक्ताओं ने बताया कि 24 और 25 मई को नरवाना में सामाजिक न्याय मंत्री के आश्वासन पर महापड़ाव समाप्त किया गया था, लेकिन तीन दिन बीतने के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

## बिना नंबर की कार में आया चालक पांच हजार का तेल भरवाकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गांव मायना स्थित स्वातिक एनर्जी इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर बृहस्पतिवार को एक शातिर चालक बिना नंबर प्लेट की कार में आया और करीब पांच हजार रुपये का तेल भरवाकर बिना पैसे दिए फरार हो गया। घटना के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालक विकास ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी जिस कार में आया था, उस पर नंबर प्लेट ही नहीं लगी हुई थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग भी शुरू कर दी गई है, ताकि आरोपी और गाड़ी का सुराग लगाया जा सके।

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### एचसीएस अधिकारी शुभम ने सिटी मजिस्ट्रेट का कार्यभार संभाला



**रोहतक।** हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) 2023 बैच के अधिकारी शुभम ने गुरुवार को रोहतक में सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। नव नियुक्त सिटी मजिस्ट्रेट शुभम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का उद्देश्य है। इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

## वारदात की फिराक में घूम रहे तीन बदमाश हथियारों सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

पुलिस की नशा निरोधक शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन ऑटोमैटिक पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, पांच मैगजीन, 61 जिंदा रौंद और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के दिशा-निर्देशन में नशा निरोधक शाखा की टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि 25 मई को सहायक उप निरीक्षक अचल के नेतृत्व में टीम छोटूराम पॉलिटेक्निक सांपला बाईपास के पास गश्त पर मौजूद थी। पुलिस को सूचना मिली कि अपराधों में संलिप्त राहड़ा निवासी कुछ युवक बिना नंबर प्लेट की फॉर्च्यूनर गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सांपला बाईपास से दिल्ली रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी।

### खिलाड़ियों के लिए खरीदी व्यायाम साइकिल कहीं और भेजने के आरोप

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में खेल निधि के कथित दुरुपयोग को लेकर एक शिकायत सामने आई है। आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. जयपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन और हरियाणा विजिलेंस विभाग को शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि खिलाड़ियों के लिए खरीदी गई व्यायाम साइकिल को कहीं और भेज दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि जनवरी 2025 में तत्कालीन खेल निदेशक आरपी गर्ग के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय जिम में खिलाड़ियों और विद्यार्थियों की मांसपेशियों को मजबूत करने तथा हृदय संबंधी व्यायाम के लिए विशेष व्यायाम साइकिल खरीदने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। यह खरीद खेल सामग्री स्थायी निधि से लगभग 50 हजार रुपये की राशि से स्वीकृत की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, संबंधित रिकॉर्ड में इस खरीद का उल्लेख दर्ज है। आरोप है कि 30 जनवरी 2025 को उक्त साइकिल को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करने के बाद उसी दिन तत्कालीन खेल निदेशक के निर्देशों पर कहीं और भेज दिया गया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


### घर बैठे कमाई का झांसा देकर 16 लाख से ज्यादा की ठगी, चार आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** साइबर थाना पुलिस ने घर बैठे रुपये कमाने का झांसा देकर 16 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। गांव खिडवाली निवासी अमित की शिकायत पर थाना साइबर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 30 अक्टूबर को अमित के पास टेलीग्राम आईडी पर एक मैसेज आया, जिसमें घर बैठे काम करने का ऑफर दिया गया था। आरोपियों ने बताया कि उसे कंपनी के प्रोडक्ट का प्रमोशन करना होगा और 28 प्रोडक्ट का फीडबैक पूरा करने पर 700 से 2500 रुपये तक कमीशन मिलेगा। इसके बाद आरोपियों ने अमित को एक लिंक भेजकर वॉलेट बनवाया और रजिस्ट्रेशन कराया। शुरुआत में टास्क पूरा करने पर अमित के खाते में 700 रुपये भेजे गए, जिससे उसे भरोसा हो गया। बाद में आरोपियों ने प्रीपेड टास्क के नाम पर ज्यादा कमाई का लालच दिया और 9800 रुपये जमा कराने को कहा। धीरे-धीरे अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए अमित से कुल 16,40,724 रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। मामले की जांच पीएसआई अनिल द्वारा की गई। जांच के दौरान 26 मई को आरोपी जितेंद्र उर्फ मिथु पुत्र प्रमोद निवासी शिव कॉलोनी हिसार, शुभम पुत्र संदीप, किशना पुत्र नथु निवासी न्यू मॉडल टाउन हिसार तथा आकाश पुत्र विनोद निवासी लेबर कॉलोनी हिसार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगा कार्यक्रम

# स्वास्थ्य परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास का होगा सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 29 मई को पंचकूला में आयोजित स्वास्थ्य परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का जिला स्तर पर स्थानीय विकास भवन में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। डीसी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन और सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

सचिन गुप्ता ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट शुभम को कार्यक्रम का ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जो संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी और समन्वय सुनिश्चित करेंगे। वहीं सिविल सर्जन, रोहतक को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जिन्हें बैठने की व्यवस्था, विभागीय सहभागिता तथा समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है।

उपायुक्त के मुताबिक कि पुलिस अधीक्षक, रोहतक को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और मीडिया कवरेज सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी को एलईडी, इंटरनेट, ऑडियो-वीडियो और लाइव टेलीकास्ट से संबंधित तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि फायर सेफ्टी अधिकारी को अग्निशमन संबंधी प्रबंध सुनिश्चित करने, यूएचबीवीएन के एक्सईएन को निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप व्यवस्था तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार, रोहतक को कार्यक्रम का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल, रोहतक में स्थापित होने वाले स्वस्थ नारी सशक्त क्लिनिक के उद्घाटन तथा अमृत फार्मेसी स्टोर के शिलान्यास से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी।